सौगात

विधायक नारायण सिंह पट्टा ने सौंपी वीरांगना रानी दुर्गावती और त्यागी महाराज की प्रतिमाएं, जल्द होगा अनावरण समारोह

# विधायक निधि से घुघरी को मिलीं दो प्रतिमाएं



**घुघरी, नवभारत।** क्षेत्रीय विकास और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने घुघरी वासियों को एक बड़ी सौगात दी है। विधायक निधि के माध्यम से तैयार की गई अदम्य साहस की प्रतीक अमर शहीद वीरांगना रानी दुर्गावती और आध्यात्मिक आस्था के केंद्र परम पूज्य त्यागी जी महाराज की भव्य प्रतिमाएं आज विधिवत रूप से ग्राम पंचायत एवं स्थानीय नागरिकों को सौंप दी गईं।

इन प्रतिमाओं को नगर के दो प्रमुख स्थानों पर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। यहां वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जो आने वाली पीढ़ियों को उनके शौर्य और बलिदान की याद दिलाती रहेगी। इसके साथ ही क्षेत्र के पूज्य त्यागी जी महाराज की प्रतिमा विराजित होगी, जो आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनेगी। इन प्रतिमाओं के निर्माण में विधायक श्री पट्टा के विशेष प्रयासों के साथ ग्राम पंचायत और नगरवासियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। प्रतिमाओं की कलात्मकता और मजबूती के लिए तकनीकी विशेषज्ञ विनय चौकसे के मार्गदर्शन में विशेष बारीकियों का ध्यान रखा गया है। प्रतिमाएं सौंपते हुए विधायक नारायण सिंह पट्टा ने बताया कि इन प्रतिमाओं के स्थापना स्थल पर भव्य मंच तैयार किए जा चुके हैं। जल्द ही शुभ मुहूर्त देखकर एक विशाल जन-समारोह के साथ इन प्रतिमाओं का अनावरण किया जाएगा। इस सौगात से स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह है और उन्होंने इस कार्य के लिए विधायक एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और ग्रामवासी उपस्थित रहे।





# निरंकारी मिशन के सेवादारों ने किया वृहद श्रमदान

**अंजनिया।** मानवता की सेवा और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को दोहराते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा रविवार को संगम घाट पर प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के नारे के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, 100 से अधिक सेवादारों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया।

महात्मा अनिल बानी के पावन सानिध्य में आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है। मिशन के सदस्यों ने संगम घाट परिसर की सफाई की और जल को दूषित होने से बचाने का संकल्प लिया।

बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं से प्रेरित और सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के निर्देशन में यह अभियान देशभर के 27 राज्यों में 1500 से अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मिशन के स्वयंसेवकों ने घाट से कचरा और प्लास्टिक हटाकर संगम की मर्यादा और निर्मलता को बनाए रखने का प्रयास किया। इस सेवा कार्य में पुरुषों और महिलाओं के साथ-साथ नन्हे बच्चों की सक्रिय सहभागिता आकर्षण का केंद्र रही, जिन्होंने खेल-खेल में पर्यावरण संरक्षण की महत्ता को समझा।

# आगामी नेशनल लोक अदालत को लेकर बैठक

अधिक से अधिक ऋणकर्ताओं को लाभ दिलाने के लिए तहसील विधिक सेवा समिति ने दिए निर्देश



**निवास।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं प्रधान जिला न्यायाधीश के निर्देशानुसार आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की सफलता के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी तारतम्य में तहसील विधिक सेवा समिति निवास के मध्यस्थता केंद्र में विभिन्न बैंक पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता तहसील विधिक सेवा समिति निवास के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिन्हा ने की। बैठक के दौरान आगामी लोक अदालत में रखे जाने वाले बैंक ऋण और अन्य वसूली प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष सिन्हा ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऋणकर्ताओं को शासन की मंशा अनुरूप अधिक से अधिक छूट और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि गरीब और मध्यम वर्ग के लोग अपनी समस्याओं का समाधान कम समय और कम खर्चे में कर सकें। बैठक में उपस्थित लीड बैंक एसबीआई, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक, जिला सहकारी बैंक तथा नगर परिषद निवास के पदाधिकारियों से आगामी लोक अदालत में निष्पादित होने वाले वादों की सूची मांगी गई है। अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे प्री-लिटिगेशन स्तर पर ही अधिक से अधिक प्रकरणों को सुलझाने का प्रयास करें। आयोजित बैठक में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पद्मिनी सिंह एवं सैफी ताजिर तमन्ना विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इसके अलावा एसबीआई शाखा प्रबंधक सुरेंद्र बोरकर, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक प्रबंधक प्रदीप कुमार मरकाम, इंडियन बैंक प्रबंधक सतीश राजोरिया, जिला सहकारी बैंक से प्रफुल्ल सोनी, नगर परिषद निवास से मनोज बांधव एवं तहसील विधिक सेवा समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे। विधिक सेवा समिति ने आमजन से अपील की है कि वे 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाएं और आपसी समझौते के माध्यम से अपने पुराने विवादों व ऋण प्रकरणों का निराकरण कराएं।





# आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनी प्रभात फेरी, रामधुन से गूंजा पटेहरा

सीताराम संकीर्तन समिति की 21वीं वर्षगांठ पर हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का हुआ आयोजन

**नारायणगंज।** नारायणगंज के ग्राम पटेहरा में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। यहाँ पिछले 21 वर्षों से अनवरत संचालित हो रही सीताराम संकीर्तन समिति ने अपनी 21वीं वर्षगांठ को एक महोत्सव के रूप में मनाया। इस अवसर पर नवनिर्मित हनुमान मंदिर में विधिवत प्राण प्रतिष्ठा और भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।

सीताराम संकीर्तन समिति के सदस्यों ने बताया कि ग्राम में प्रतिदिन निकलने वाली यह प्रभात फेरी न केवल धार्मिक परंपरा को जीवित रखे हुए है, बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य और संस्कारों में भी सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। ग्राम पटेहरा की इस पहल से प्रेरित होकर अब आसपास के कई गांवों में भी रामधुन की गूँज सुनाई देने लगी है। महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 9 बजे कलश यात्रा के साथ हुआ। इसके बाद दोपहर 12 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस उत्सव में शामिल होने के लिए चौकी, सिंघानपुरी, पड़रिया, टोला तिलगांव और बरेला सहित कुल 17 ग्रामों की संकीर्तन समितियाँ पहुँचीं, जिनका समिति द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा में अग्रणी कार्यकर्ताओं और रामधुन के माध्यम से संस्कृति को बढ़ावा दे रहे मेधावी छात्र-छात्राओं को गौरव प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया। आयोजन में सरपंच कालिचरण मार्को, समाजसेवी बेनी लाल सिंगरोरे, सचिव दिवेंद्र श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भंडारे के साथ हुआ समापन

महोत्सव का समापन कन्या भोज और विशाल भंडारे के साथ हुआ, जहाँ हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि आपसी भाईचारे और सेवा भाव का भी संदेश दिया।

# सड़क की बदहाली पर सरपंचों ने खोला मोर्चा, डामलीकरण की उठाई मांग

गड्ढों में तब्दील हुए मार्ग, सरपंचों ने प्रशासन से की साइड पटरी और डामलीकरण की शिकायत



**नारायणगंज।** नारायणगंज विकासखंड के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनवाई गई सड़कों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। मरम्मत के नाम पर विभाग द्वारा की जा रही खानापूर्ति से नाराज होकर क्षेत्र के दर्जनों सरपंचों और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है।

क्षेत्रीय सरपंचों का आरोप है कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पिछले कई वर्षों से मरम्मत के नाम पर केवल दिखावा किया जा रहा है। सड़कों के किनारों पर लगे पत्थरों और बोर्डों पर रंग-रोगन कर इतिश्री कर दी जाती है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। सड़कों के किनारे न तो झाड़ियों की सफाई कराई गई है और न ही साइड पटरी की भराई हुई है, जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

### गिट्टी और जले तेल से भरा जा रहा गड्ढा

जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीया और सरपंच रूपसिंह सैयाम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बताया कि सड़कों के गड्ढे भरने के लिए मानक डामर के बजाय जले हुए ऑयल और गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। यह गिट्टी कुछ ही दिनों में निकल जाती है, जिससे सड़क फिर से गड्ढों में तब्दील हो जाती है।

### इन मार्गों का है सबसे बुरा हाल

ग्रामीणों ने बताया कि रिपटा जेवरा चौराहा से मल्ठार, जराहडीह, पथर्री केवलारी, चकदेही से कापा, खम्हरिया से फड़की सिवनी, मुरलापानी से नैझर, पडरीतलाई, देवरी कला, नारायणगंज-बबलिया मुख्य मार्ग से घुघरी, छांटाटोला, तरवानी, सालेहपानी, रमपुरी धनगांव, पीपरपानी, सिमरिया और मुकास पौंडी जैसे दर्जनों पहुँच मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं।

### पेंच वर्क नहीं कर पूर्ण डामलीकरण किया जाए

सरपंच सतीष सोयाम, कमलसिंह मरावी, जगदीश धुर्वे, रामचरण मसराम, गणेश धुर्वे, चंद्रसिंह कुलस्ते, कलीराम और हनमत सोयाम सहित अन्य सरपंचों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इन समस्त सड़कों पर केवल पैच वर्क न कर पूर्ण डामलीकरण किया जाए और साइड पट्टी का निर्माण कराया जाए। जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं हुआ, तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने दिया प्रशिक्षण




आकांक्षी ब्लॉक बजाग में केयर कम्पैनियन प्रोग्राम का आगाज

**डिंडोरी, नवभारत 21 फरवरी।** जबलपुर संभाग के आकांक्षी विकासखंड बजाग में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 'केयर कम्पैनियन प्रोग्राम' का विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित इस कार्यक्रम का लक्ष्य घर पर होने वाले प्रसव को शून्य करना और संस्थागत प्रसव को 100 प्रतिशत तक सुनिश्चित करना है।

यह कार्यक्रम नूरा हेल्थ और वायओएस एड इनोवेशन फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से तैयार किया गया है। इसकी अवधारणा यह है कि यदि परिवार के देखभालकर्ताओं को वैज्ञानिक प्रशिक्षण दिया जाए, तो गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान जटिलताओं की समय रहते पहचान संभव हो सकेगी। अक्सर महिलाएं प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद का समय घर पर बिताती हैं, ऐसे में प्रशिक्षित परिवार सदस्य प्राथमिक देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### प्रशिक्षण की मुख्य विशेषताएं

राज्य स्तरीय प्रशिक्षक डॉ. देवेंद्र शर्मा द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों को व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर राज्य मातृ स्वास्थ्य कंसल्टेंट अनंत राव पवार प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उपस्थित रहे। इसके तहत हाई-रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों में प्रसव से पूर्व महिला को प्रसूति प्रतीक्षालय में भर्ती कराने के लिए परिजनों को प्रेरित किया जाएगा।

### अधिकारियों का साझा संकल्प

प्रशिक्षण के दौरान नीति आयोग के प्रतिनिधि डॉ. विकास जैन, डीपीएम दिलीप कछवाहा और बीपीएम लल्ला यादव सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने सहभागिता की। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को आशा कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस पहल से न केवल अस्पतालों में प्रसव की संख्या बढ़ेगी, बल्कि समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**इनका कहना है**

जब परिवार का देखभालकर्ता जागरूक और सक्षम होगा, तभी मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में वास्तविक सुधार संभव है।

**डॉ. मनोज पांडे, सीएमएचओ, डिंडोरी**



## लोधी समाज के सोनक वर्मा बने जज

**अमरपुर नवभारत 21 फरवरी।** लोधी समाज के साधारण परिवार में जन्में सोनक वर्मा एडवोकेट जज बन गए है। वह मूलतः नांदा ब्लॉक अमरपुर के रहने वाले हैं। वर्तमान में मोहला मानपुर अंम्बागढ़ चौकी के भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हैं। सोनक वर्मा ने लॉ कॉलेज में प्रवेश के पश्चात ही सहपाठी छात्र जज साहब कहने लगे थे। पूर्व में इनका चयन संघ लोक सेवा आयोग से सीबीआई में अभिभाषक पद पर हुआ और वर्तमान में वह पश्चिम बंगाल कोलकाता में पदस्थ हैं। 20 फरवरी को लोक सेवा आयोग छत्तीसगढ़ की व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) परीक्षा 2024 में 19वीं रैंक प्राप्त कर अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया और जज बन गए।

# अवैध खनिज का परिवहन करते चार वाहन जब्त

**डिंडोरी।** जिला कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 20 फरवरी को खनिज विभाग की टीम द्वारा ग्राम गाड़ासरई, तहसील बजाग, थाना गाड़ासरई क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए ओवरलोड गिट्टी परिवहन करते पाए गए तीन वाहनों को जब्त किया गया। जब्त वाहनों में एक ट्रैक्टर तथा दो हाइवा शामिल हैं। वाहन मालिक रतन गुप्ता के इन वाहनों को थाना गाड़ासरई में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। इसके अतिरिक्त 21 फरवरी को एक बिना नंबर स्वराज ट्रैक्टर को अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए जाने पर जब्त कर थाना बजाग में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। उक्त सभी वाहनों के विरुद्ध प्रचलित खनिज नियमों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। प्रकरण को न्यायालय कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# सभी प्रकार के टैक्स का भुगतान हुआ कैशलेस

नगर परिषद शहपुरा में पीओएस मशीन सेवा का शुभारंभ, कर भुगतान हुआ कैशलेस



**शहपुरा।** नगर परिषद शहपुरा में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीओएस मशीन सेवा का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नगर परिषद के सभी प्रकार के करों का भुगतान कैशलेस और ऑनलाइन माध्यम से सुलभ बनाना है, ताकि नागरिकों को सुविधा के साथ पारदर्शी व्यवस्था मिल सके।

अब नागरिक संपत्ति कर, जलकर, स्वच्छता कर सहित अन्य शुल्कों का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड एवं अन्य डिजिटल माध्यमों से सीधे नगर परिषद कार्यालय में कर सकेंगे। इससे नकद लेनदेन में कमी आएगी और राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित होगी।

### इससे बचेगा नागरिकों का समय

इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीना राठौर, वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद हरीश साहू एवं वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद भजनदास चक्रवर्ती सहित अन्य जनप्रतिनिधि और नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम शासन की डिजिटल इंडिया की भावना के अनुरूप है और इससे नागरिकों का समय बचेगा। नगर परिषद की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और सुगमता लाने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

अवैध वसूली

क्षेत्रीय विधायक ने भी जताई नाराजगी, एड़ी-चोटी की जोर आजमाइश के बाद भी मामला आज तक ठंडे बस्ते में

# यातायात प्रभारी की कार्यप्रणाली से भाजपा पदाधिकारी खफा

**डिंडोरी।** नगरीय क्षेत्र में अव्यवस्थित यातायात और हो रही अवैध वसूली से डिंडोरी भाजपा पदाधिकारी सकते में हैं। आलम यह कि एड़ी-चोटी की जोर आजमाइश के बाद भी मामला आज तक ठंडे बस्ते में है।

सूत्र तो यह भी बताते हैं कि पुलिस प्रशासन के सामने जब भाजपा के स्थानीय पदाधिकारियों की सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने जिले के आदमकद नेताओं पूर्व कैबिनेट मंत्री शहपुरा विधायक और राष्ट्रीय मंत्री से भी सिफारिश कर डाली कि इस मामले में उनकी साख दांव पर लग चुकी है, लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि इस मामले में दोनों ही आदमकद नेताओं ने भी तमाम प्रयास कर डाले फिर भी हथकंडे काम नहीं आये।

### सड़कों पर पसरा सन्नाटा

सोशल मीडिया और अखबारों में लगातार आ रही खबरों को संज्ञान में ले और वसूली के सनसनीखेज आरोप लगने के बाद यातायात विभाग द्वारा ताबड़तोड़ कार्यवाही भी हुई, जिसका नतीजा यह रहा कि अब ऐसे वाहन चालक सड़कों पर फर्राटा भरने से बच रहे है। जिनके पास पूरे दस्तावेज है ऐसे गिने-चुने वाहन ही सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे है। ऐसे में सवाल यह भी है कि यातायात पुलिस की यह कसावट जारी रहेगी या महज वसूली की खबरें सुर्खियों में आने के बाद महज खानापूर्ति साबित होगी।

### अब नजर बाल कल्याण समिति की कार्यवाही पर

बता दें कि यातायात प्रभारी की मनमानी के शिकार रहे नीरज गायकवाड़, सेंट एंजिल पब्लिक स्कूल के वाहन चालक ने लगभग तीन रोज पूर्व ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय और बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष एक शिकायत की थी, लेकिन तीन रोज गुजरने उपरांत भी मामले में अब तक कोई कार्यवाही सामने नहीं आई है। मामला बच्चों से भरी स्कूल बस को यातायात थाने में लगभग 1 घंटे खड़े करने का था। इसमें बच्चे तो परेशान हुए साथ ही अभिभावक भी परेशान होते रहे।

**इनका कहना है**

पुलिस अधिकारी और कर्मचारी वही कर रहे हैं, जो भारतीय जनता पार्टी के शासन में सरकार कह रही है। जैसा कि आपने बताया वह जनता के हित की बात है पर सरकार कहां सुनने को तैयार है। आज तो प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हमला करा दिया गया।

**ओमकार मरकाम, क्षेत्रीय विधायक, डिंडोरी**

मेरे पास भी लगातार शिकायतें पहुंची थीं, जिसके बाद स्थानीय स्तर पर प्रयास किए गए, लेकिन जब नतीी नहीं निकला तो हमने इस मामले में प्रदेश स्तर पर भी प्रयास किया और आज पुनः इस मामले में मेरी चर्चा प्रदेश में बैठे पदाधिकारियों से होगी शीघ ही नतीजा निकलेगा।

**चमरू सिंग नेताम, भाजपा जिलाध्यक्ष, डिंडोरी**

उक्त मामले में यातायात प्रभारी के नाम से नोटिस तैयार हो गया है ,लेकिन छुट्टी के चलते संबंधित कार्यालय तक नोटिस की तामिली नहीं हो सकी है। पूरा प्रयास होगा कि सोमवार तक यातायात प्रभारी तक नोटिस की कॉपी तामील हो जाए।

**नागेन्द्र चौरसिया, सदस्य, बाल कल्याण समिति/किशोर न्याय बोर्ड**

जो आवेदन दिया गया था, उसकी जांच की जा रही है।

**डॉ. अमित वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला डिंडोरी**